हिंदी विश्वविद्यालय में गुरुवार को ‘ये इंडिया का टाइम है’ कार्यक्रम का आयोजन

मुंबई के कलाकारों द्वारा देशभक्ति गीतों की होंगी प्रस्तुतियां

वर्धा दि 6 सितंबर 2017 : सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा, राष्ट्रीय फ़िल्म विकास निगम, मुंबई के सहयोग से स्वाधीनता के 70 वें वर्ष तथा भारत छोड़ो आंदोलन के 75 वें वर्ष के उपलक्ष्य में देशभक्ति गीतों पर आधारित सांगीतिक संध्या का आयोजन गुरुवार, 7 सितंबर, 2017 को शाम 4 बजे ग़ालिब सभागार में किया जा रहा है। कार्यक्रम की प्रस्तुति ‘नया घराना’ (बैंड), मुंबई के कलाकार करेंगे। देशभक्ति पर आधारित धुनों का संयोजन तथा रचना प्रसिद्ध ध्वनि संयोजक **मनीष जे. टीपू** ने किया है। मनीष जे टीपू ने प्रसिद्ध फ़िल्मों ‘द गैंग्स ऑफ वासेपुर’, ‘किस्सा’ और ‘फंस गए रे ओबामा’ के लिए संगीत तथा ध्वनि संयोजन किया है।

यह कार्यक्रम देश के 65 उच्च शिक्षण संस्थानों में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराना तथा मातृभूमि के लिए समर्पित शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि देने एवं राष्ट्रीय मूल्यों के निर्माण का संकल्प लेने के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम का संयोजन प्रदर्शनकारी कला विभाग के अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश भारती कर रहे हैं।